Regarding need to provide irrigation facilities in Ratlam Parliamentary Constituency-laid

इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम): मेरे लोकसभा क्षेत्र रतलाम, के जिले रतलाम, झाबुआ एवं आलीराजपुर में सिंचाई की सुविधायें पर्याप्त नहीं होने के कारण जनजाति परिवारों को सिर्फ एक फसल पर आश्रित रहना पड़ता है। झाबुआ एवं आलीराजपुर जिले में 88 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है तथा रोजगार की तलाश में इन्हें अन्य राज्यों में जाना पड़ता है। सिंचाई की सुविधायें उपलब्ध होने से रोजगार भी उपलब्ध होगा तथा आर्थिक क्षमता में भी वृद्धि होगी। मैं सरकार से मांग करता हूँ कि इन 3 जिलों में सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि किए जाने का अनुरोध है।